Bareilly, Wednesday,
24 July 2024
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.00/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

PAGE NO : II TOP

केंद्रीय बजट में रोजगार, कौशल विकास, खेती और उद्योगों को बढ़ावा देने की सरकार की पहल सराहनीय है. इससे बुनियादी ढांचे को बढ़ावा मिलेगा. नौकरी और व्यवसाय के अवसर बढ़ेंगे. रोजगार सृजन के लिए बजट में तीन योजनाएं शुरू करने की घोषणा बेरोजगारी रोकने में बड़ी मदद करेगी. बड़ी कंपनियों में युवाओं को इंटर्नशिप दिए जाने रोजगार के अवसर बढ़ेंगे.

आदित्य मूर्ति, डायरेक्टर एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज

कैंसर के इलाज में काम आने वाली तीन दवाइयों से कस्टम ड्यूटी हटाने की केंद्र सरकार की पहल सराहनीय है. निसंदेह बजट में किए गए इस फैसले से कैंसर रोगियों का इलाज सस्ता होगा और बिना किसी अतिरिक्त खर्च के आम आदमी भी इसका उपचार करवाने में सक्षम होगा.

डॉ. पियूष कुमार, निदेशक आरआर कैंसर इंस्टीट्यूट, एसआरएमएस मेडिकल कालेज